# ‘पुस्तकायन’ छह दिसम्बर से

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** साहित्य अकादमी का तीसरा पुस्तक मेला ‘पुस्तकायन’ छह दिसम्बर से रविंद्र भवन में आयोजित होगा। ‘पुस्तकायन’ का उद्घाटन लेखक और अमेरिका में पूर्व भारतीय राजदूत नवतेज सरना करेंगे। पुस्तक मेले में साहित्यिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 40 से अधिक प्रकाशक भाग लेंगे। यह जानकारी अकादमी के सचिव के. श्रीनिवास राव ने दी। दस दिवसीय पुस्तक मेला 15 दिसम्बर तक चलेगा।

उन्होंने बताया कि पुस्तक संस्कृति और पढ़ने में रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे पुस्तक मेले में अनेक साहित्यिक कार्यक्रमों के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे, जिनमें प्रतिदिन अनेक युवा कलाकार हिस्सा लेंगे। दस दिवसीय पुस्तक मेले में हिंदी कवि सम्मेलन, युवा साहित्य, बहुभाषी कविता पाठ, मुशायरा, लघु कथा वाचन और विभिन्न विषयों पर चर्चा होगी। पुस्तकायन के दौरान अकादमी बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता, कविता प्रस्तुति और कहानी प्रस्तुति सहित कई अन्य कार्यक्रम भी आयोजित करेगी। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता साहित्य अकादमी के अध्यक्ष माधव कौशिक और उपाध्यक्ष कुमुद शर्मा करेंगे।